# रणजीत टाइम्स

इंदौर

सोमवार , 10 नवम्बर , 2025

वर्ष 01 | अंक 278 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## सीएम बोले-महागठबंधन कभी राम मंदिर नहीं बनवा सकता था

# सीएम ने सीतामढ़ी के मां जानकी मंदिर में की पूजा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में मां जानकी के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने मंदिर में आरती भी की। मोहन यादव ने कहा, मैं बिहार चुनाव में हमारे एनडीए उम्मीदवारों के लिए लगातार प्रचार कर रहा हूं। आज मुझे

### ● सीएम डॉ. यादव ने की प्रदेश वासियों के कल्याण की कामना

माता जानकी की जन्मस्थली पर जाने का अवसर मिला। कांग्रेस और उनकी सभी साजिशों को उजागर करते हुए, हमने अयोध्या, बनारस और उज्जैन से देखा है कि धार्मिक पर्यटन केंद्रों के माध्यम से हमारे नागरिकों के जीवन में क्या बदलाव आ सकते हैं। कांग्रेस और उसके सहयोगी ऐसा कभी नहीं करते। बिहार चुनाव से पहले, नीतिश कुमार के प्रस्ताव पर, प्रधानमंत्री मोदी ने माता सीता की जन्मस्थली जनकपुरी धाम के लिए राशि स्वीकृत की है। जितनी जल्दी यह बनेगा, उतना ही यह




हर वर्ग के कल्याण के लिए बड़े पैमाने पर धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनेगा। मैंने गरीबों, महिलाओं और युवाओं और किसानों की भलाई के लिए माता से प्रार्थना की है।

**पुनौरा धाम भारतीय संस्कृति, आस्था और स्थापत्य कला का अद्भुत संगम** – उन्होंने मध्यप्रदेश के सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंदिर परिसर में पुजारियों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने पारम्परिक तरीके से पगड़ी पहनाकर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत-अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की जानकारी भी प्राप्त की और कहा कि माता जानकी की यह जन्म स्थली (पुनौरा धाम) भारतीय संस्कृति, आस्था और स्थापत्य कला का अद्भुत संगम है। उन्होंने कहा कि माता जानकी समर्पण और त्याग की प्रतिमूर्ति थीं। उनके चरणों में मध्यप्रदेश की जनता की की ओर से प्रणाम कर सभी के मंगल की कामना करता हूँ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन पर मंदिर परिसर में बडी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे। सभी ने माता जानकी का जयघोष किया। पुनौरा धाम में दर्शन-पूजन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माता जानकी की जन्म स्थली के दर्शन का सौभाग्य मिला है। यह स्थान भगवान श्रीराम के रामराज्य का समय, माता सीता से स्वयंवर तथा विवाह के बाद इस स्थान से अयोध्या जाने का स्मरण कराता है। हमें भगवान श्री राम के जीवन से प्रेरणा मिलती है। माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद अयोध्या में हिंदू-मुस्लिम सभी भाइयों ने मिलकर श्री राम का भव्य मंदिर बनवाया है।

# संघ भगवा को गुरु मानता है, लेकिन तिरंगे का बहुत सम्मान करते हैं

## मोहन भागवत बोले-संघ को 3 बार बैन किया, तब जाकर मान्यता मिली

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि हमारे संगठन को व्यक्तियों के एक निकाय के रूप में मान्यता दी जाती है। संघ की 1925 में स्थापना हुई थी। क्या आपको लगता है कि ब्रिटिश सरकार इसका रजिस्ट्रेशन करती। असल में कांग्रेस आरोप लगाती है कि आरएसएस बिना रजिस्ट्रेशन के ही चलने वाला संगठन है। भागवत ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य नहीं किया। हम लोगों के समूह की श्रेणी में आते हैं और हम एक जाना-माना संगठन हैं। इनकम टैक्स विभाग और अदालतें आरएसएस को लोगों का समूह मानती हैं। हमारे संगठन को इनकम टैक्स से छूट दी गई थी। भागवत ने कहा कि संगठन को तीन बार बैन किया गया। इसके बाद हमारे संगठन को मान्यता दे दी। अगर हम नहीं थे, तो किस पर प्रतिबंध लगाया। ऐसी कई चीजें हैं, जो रजिस्टर्ड नहीं हैं। हिंदू



धर्म भी रजिस्टर्ड नहीं है। संघ भगवा झंडे को मानता है, तिरंगे को नहीं, इस मुद्दे पर भागवत ने कहा कि संघ में भगवा को गुरु मानते हैं, लेकिन हम तिरंगे का बहुत सम्मान करता है। भागवत ने यह बात विश्व संवाद केंद्र कर्नाटक में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। एक दिन पहले भी भागवत ने इसी कार्यक्रम को संबोधित किया था।

### भारत को ब्रिटिशों ने नहीं बनाया,यह प्राचीन राष्ट्र है

हमारा राष्ट्र ब्रिटिशों की देन नहीं है। हम सदियों से एक राष्ट्र हैं। दुनिया के हर देश की एक मूल संस्कृति होती है। भारत की मूल संस्कृति क्या है। कोई भी परिभाषा दें, वह आखिर में 'हिंदू' शब्द पर ही पहुंचती है। भारत में कोई 'अहिंदू' नहीं है। हर व्यक्ति चाहे जाने या न जाने, भारतीय संस्कृति का पालन करता है। इसलिए हर हिंदू को यह समझना चाहिए कि हिंदू होना मतलब भारत के प्रति जिम्मेदारी लेना है।

### भारत एक हिंदू राष्ट्र होना संविधान के खिलाफ नहीं

भारत का हिंदू राष्ट्र होना किसी बात के विरोध में नहीं है। यह हमारे संविधान के खिलाफ नहीं, बल्कि उसके अनुरूप है। संघ का लक्ष्य समाज को जोड़ना है, तोड़ना नहीं। संघ के 100 साल पूरे होने तक का सफर आसान नहीं रहा। संघ पर दो बार प्रतिबंध लगा, तीसरी बार कोशिश हुई। स्वयंसेवकों की हत्या हुई, हमला हुआ, लेकिन संघ के कार्यकर्ता बिना स्वार्थ के काम करते रहे।

### संघ हर गांव और हर वर्ग तक पहुंचेगा

संघ का लक्ष्य अब हर गांव, हर जाति और हर वर्ग तक पहुंचना है। दुनिया हमें विविधता में देखती है, लेकिन हमारे लिए यह विविधता एकता की सजावट है। हमें हर विविधता तक पहुंचना है और समाज को एक सूत्र में जोड़ना है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि हम संपूर्ण हिंदू समाज को एकजुट, संगठित और गुण प्रदान करना चाहते हैं ताकि वे एक समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण करें जो दुनिया को धर्म का ज्ञान प्रदान करे और विश्व सुखी, आनंदित और शांतिपूर्ण बने। इस कार्य का यह भाग संपूर्ण समाज, संपूर्ण राष्ट्र द्वारा किया जाना है। हम हिंदू समाज को इसके लिए तैयार कर रहे हैं। हमारा एकमात्र लक्ष्य है, एकमात्र लक्ष्य। इस लक्ष्य को पूरा करने के बाद, हम कुछ और नहीं करना चाहते। संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित करना, यही हमारा कार्य है।

# बर्फीली हवा से ठिठुरा एमपी, 2 दिन कोल्ड वेव

### ● भोपाल समेत 9 जिलों में अलर्ट, इंदौर-राजगढ़ प्रदेश में सबसे ठंडे

**भोपाल।** पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवा से पूरा मध्यप्रदेश ठिठुर गया है और नवंबर में ही ठंड रिकॉर्ड तोड़ रही है। शुक्रवार-शनिवार की रात कई शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। भोपाल में के साथ पन्ना में भी कोल्ड वेव का असर बना रहेगा। वहीं, 10 नवंबर को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर, देवास, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, निवाड़ी, छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना, सतना



नवंबर का पिछले 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया। यहां न्यूनतम तापमान 8 डिग्री रहा, जो साल 2015 के बाद सबसे कम है। इंदौर और राजगढ़ में 7 डिग्री तापमान रहा। कई शहरों में कोल्ड वेव (शीतलहर) का भी असर देखने को मिल रहा है। शनिवार को भोपाल, राजगढ़, उज्जैन, इंदौर, देवास, सीहोर, शाजापुर, सतना और रीवा में दिन में ठंडी हवाएं चलीं। रविवार को इन जिलों और रीवा में कोल्ड वेव यानी, शीतलहर चलने का अलर्ट है। मध्यप्रदेश में नवंबर की सर्दी रिकॉर्ड तोड़ रही है। शनिवार-रविवार रात राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री रहा। इंदौर में पारा 7 डिग्री रहा, यहां पिछले 25 साल में नवंबर में इतनी सर्दी कभी नहीं पड़ी। यहां नवंबर की ठंड का ओवरऑल रिकॉर्ड 1938 का है, जब पारा 5.6 डिग्री पर पहुंचा था।

# लंबे ट्रैफिक जाम से परेशान जनता प्रशासन नहीं दे रहे हैं ध्यान

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शाम के वक्त जब लोग ऑफिस से अपने घर की ओर जाते हैं। MR 10 लव कुश मार्ग पर लंबा जाम लग रहा है। उसे रोड पर अंडर कंस्ट्रक्शन का भी काम चल रहा है पिछले कई सालों से प्रशासन नगर निगम इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस मार्ग पर गहरे गड्ढे हैं जो कि हादसे का कारण बनते हैं अभी तक इस रास्ते पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी है फिर भी प्रशासन गहरी नींद में है। प्रशासन को इस मुद्दे को गंभीर रूप से अपने संज्ञान में लेना चाहिए ताकि ट्रैफिक को कंट्रोल किया जा सके । दिन के समय इस रूट पर काफी धूल उड़ती है।

# उड़ान को लगे पंख

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जब कहते थे कि वह दिन भी अब दूर नहीं जब हमारे देश के 'हवाई चप्पल वाले लोग भी हवाई जहाज में उड़ान भरेंगे' तब विरोधी इसे महज जुमला कहकर बात हवा में उड़ा देते थे। ऐसे लोगों को आज रीवा आकर देखना चाहिए कि सपना किस तरह यथार्थ के धरातल पर उतरकर चरितार्थ होता है।**

10 नवंबर 2025 का दिन कई पीढ़ियों की परिकल्पना और सपने को यथार्थ में परिवर्तित होने दिन है जब एटीआर 72 वायुयान दिल्ली के लिए उड़ान भरेगा। उड्डयन विभाग के हमारे केन्द्रीय मंत्री, माननीय मुख्यमंत्री, विन्ध्य के सांसद, विधायक गण, व सुनी नागरिक विन्ध्य के विकास के इस मंगलाचरण के साक्षी होंगे। हम यहीं रुकने वाले शीघ्र ही इंदौर से वायुमार्ग से जुड़ने वाले हैं। अगले चरण में मुंबई, पुने, बेंगलुरु जैसे शहरों से सभी इसी एयरपोर्ट से उड़ान भरेंगे।

हमसे मीडिया के लोग पूछते हैं कि इसके आगे और क्या? मेरा जवाब है एयरबस, सिर्फ 500 मीटर का रनवे और बढ़ा देंगे। हमारे प्रधानमंत्री जी ने रीवा में हवाई सेवा के विस्तार के लिए जिस तरह से अपनी रुचि प्रदर्शित की है उसके लिए हम विन्ध्यवासी उनके प्रति चिर ऋणी रहेंगे। 9 सितंबर 2024 को डीजीसीए ने रीवा एयरपोर्ट से 72 सीटर विमान के लिए लायसेंस जारी किया था। 20 अक्टूबर 2024 को माननीय प्रधानमंत्री जी ने रीवा एयर पोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया इसके साथ ही रीव- दिल्ली और रीवा -इंदौर के लिए हवाई उड़ान का पथ प्रशस्त हुआ। इस हेतु इंडिगो और एलायंस एयर को प्रस्ताव भेजा गया। आज का दिन इसी प्रयत्न का प्रतिफल है।

15 फरवरी 2023 को हमारे तत्कालीन नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान रीवा में हवाई अड्डे की आधारशिला रखी थी। इसके साथ ही रीवा भविष्य में उत्तरमध्य भारत का सबसे महत्वपूर्ण एयर ट्रैफिक डेस्टिनेशन बनकर उभरेगा की यात्रा पर चल पड़ा। दो वर्ष पूर्व इंदौर में आयोजित ग्लोबल इनवेस्टर्स मीट में विश्वभर के उद्यमियों के बीच तत्कालीन केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी ने सगर्व यह घोषणा की थी कि हम मध्यप्रदेश का छठवे हवाईअड्डे को निर्मित और विकसित करने जा रहे हैं। उनकी इस घोषणा ने दुनियाभर के उन उद्योगपतियों के ध्यान को आकृष्ट किया जो यहाँ पावर व माइनिंग सेक्टर, वाइल्ड लाइफ टूरिज्म, फूड प्रोसेसिंग इन्डस्ट्रीज की संभावनाओं को देखते हैं। शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश करने वालों के लिए यह अवसरों का दरवाजा खोलने वाला है।

मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि रीवा का हवाईअड्डा चरणबद्ध तरीके से विकसित होने की प्रक्रिया में है। पाँच साल के भीतर ही रीवा का हवाईअड्डा बोइंग की लैंडिंग और अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए बनकर तैय्यार रहेगा। देश में श्री मोदी जी और प्रदेश में श्री मोहन यादव जी के कुशल और फलदायी नेतृत्व के अनुभव को देखते हुए मैं यह विश्वास पूर्वक कह सकता हूँ कि अगले पाँच वर्षों के भीतर यह सब पूर्णरूपेण यथार्थ के धरातल पर उतर जाएगा। विन्ध्य की आशाओं के केन्द्र रीवा के विकास का श्रेष्ठ व उन्नत दौर है जो स्वतंत्रता के अमृतकाल में प्रारंभ हो रहा है।

मैं जब कहता हूँ कि अब रीवा मध्यप्रदेश के ही नहीं देश के समुन्नत और श्रेष्ठ महानगरों की श्रेणी में कदमताल मिलाकर चल पड़ा है तो इसके पीछे ठोस आधार है। 1956 तक रीवा विन्ध्यप्रदेश की राजधानी रहा है और तब इसकी हैसियत भोपाल, लखनऊ, पटना और भुवनेश्वर जैसे शहरों के समकक्ष थी। कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक द्वेषवश रीवा से एक प्रदेश की राजधानी का गौरव छीन लिया। 1956 से 2004 तक यह उपेक्षित और अभिशप्त पड़ा रहा। विन्ध्य में आज जो प्राकृतिक संसाधन हैं वो कल भी थे। आम नागरिकों में विकास की ललक और अपेक्षाएं कल भी वैसी ही थीं। केन्द्र में अटलजी और उसके बाद मोदीजी की नेतृत्व की व प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने आहत और उपेक्षित विन्ध्यवासियों की पीड़ा और भावनाओं को समझा। आज यह क्षेत्र कई मामलों देश में अग्रगण्य है।

# झोन -4 में नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान जारी



छतरीपुरा थाना प्रभारी
संजीव श्रीवास्तव

**रणजीत टाइम्स**

मादक पदार्थ जिसकी मात्रा 12.60 ग्राम जिसकी कीमत 1,20,000 रुपए अंकि गई आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 मे मामला दर्ज ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार इंदौर पुलिस,की गिरफ्त में 'इंदौर पुलिस कमिश्नरेट के जोन-4 में नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान जारी थाना छत्रीपुरा पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ युवक को किया गिरफ्तार दिनांक 8 नवंबर 2025 पुलिस कमिश्नरेट इंदौर के जोन-4 में नशीले मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत एक और बड़ी सफलता पुलिस को पाप्त हुई है।



आरोपी साहिल पिता विशाल डागर

पुलिस उपायुक्त जोन-4 की आनंद कलादगी एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दिशेष अग्रवाल के निर्देशन में थाना छत्रीपुरा पुलिस द्वारा यह कार्यवाही की गई। सहा पुलिस आयुक्त सराफा हेमंत चौहान व थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर एक युवक को पकड़ा, जिसके पास से सफेद पाउडर जैसा संदिग्ध पदार्थ बरामद हुआ। प्राथलिक परीक्षण मै यह ब्राऊन शुगर पाया गया। जिसका विधिवत वजन करने पर कुल 12.60 ग्राम शुद्ध ब्राउन शुगर पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1,20,000 रुपये ऑकी गई। पुलिस ने मौके पर ही विधिवत पंचनामा तैयार कर विधिवत जप्त किया। आरोपी साहिल पिता विशाल डागर, उम्र 23 वर्ष, निवासी 121 हरिजन कॉलोनी राजमौहल्ला इंदौर के विरुद्ध थाना छत्रीपुरा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाही की जा रही है।

उक्त कार्यावाही में थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव, उप निरीक्षक हजारीलाल महरा, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र पाठक, आरक्षक अरुण सिंह, धर्मेंद्र सिंह एवं भूपेंद्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## सितंबर में लोन की औसत ब्याज दर 0.24 फीसदी घटी

# रेपो दरों में कटौती का दिखा असर

### 0.25 प्रतिशत सस्ते सरकारी बैंकों के कर्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्योहारी मौसम में बैंकों के कर्ज बढ़ाने और इस साल रेपो दर में एक फीसदी की कटौती से सितंबर में लोन की औसत ब्याज दर 0.24 फीसदी घट गई। हालांकि, लगातार पांच महीनों तक जमा पर ब्याज में कटौती के बाद बैंकों ने सितंबर में मामूली बढ़ोतरी कर दी। फरवरी से सितंबर के दौरान कर्ज की ब्याज दरों में 0.83 फीसदी और जमा ब्याज में 1.02 फीसदी की कटौती की गई।

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के आंकड़ों के मुताबिक, भविष्य में ऋण दरों में सीमित कटौती की उम्मीद है। दिसंबर तिमाही में ये बढ़ भी सकती हैं। यह संभावना ऋण मांग में मौसमी वृद्धि और जमा राशि जुटाने में सुस्ती की उम्मीदों से बनी है। सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के नए ऋणों की औसत ब्याज दर सितंबर में तेजी से गिरकर 8.5 प्रतिशत हो गई। यह अगस्त की तुलना में 0.24 फीसदी कम है। उम्मीद से ज्यादा बड़ा यह सुधार ग्राहकों के लिए त्योहारी सीजन का तोहफा प्रतीत होता है।

उदाहरण के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा ने 28 अगस्त से खुदरा ऋण दरों में 0.25 से 0.70 फीसदी की कटौती की थी। आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और एसबीआई जैसे



प्रमुख ऋणदाताओं ने सितंबर में कई ऑफर पेश किए। विभिन्न बैंकों ने कुछ निश्चित अवधियों पर सीमांत निधि आधारित उधार दर (एमसीएलआर) में 0.05 से 0.15 फीसदी तक कटौती की। इस कारण सितंबर में उधार दरों में भारी कमी आई।

सितंबर में सरकारी बैंकों के कर्ज औसतन 0.25 फीसदी सस्ते हुए। निजी क्षेत्र के बैंक स्थिर गति से आगे बढ़ रहे हैं। जून में उदार कटौती के बाद जुलाई में दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की। उसके बाद से उन्होंने लगातार दरें कम की हैं। सितंबर में निजी बैंकों के कर्ज की औसत ब्याज दरें 0.10 फीसदी कम हो गई। कुल मिलाकर, सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नए कर्जों में मौजूदा ढील चक्र के दौरान 0.83 फीसदी की गिरावट आई है। यह जनवरी के 9.3 प्रतिशत से घटकर 8.5 प्रतिशत हो गया है। कर्ज की मांग बढ़ी तो घट गई नकदी कर्ज की मांग में तेजी से बैंकिंग सिस्टम की नकदी में गिरावट आ गई है। अगस्त में रोजाना की औसत नकदी 2.9 लाख करोड़ रुपये थी, जो सितंबर में कम होकर 1.6 लाख करोड़ रुपये रह गई। अक्तूबर में यह और घटकर एक लाख करोड़ रुपये हो गई। यह तब हुआ, जब आरबीआई ने नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में दो बार कटौती की थी। सीआरआर वह अनुपात है, जिस अनुपात में बैंकों को एक तय नकदी आरबीआई के पास रखनी होती है। तो पड़ सकता है ब्याज दरों पर दबाव

अक्तूबर में गिरते रुपये को सहारा देने के लिए विदेशी मुद्रा बाजार में सक्रिय रूप से आरबीआई हस्तक्षेप कर रहा है। अगर आरबीआई को और अधिक हस्तक्षेप करना पड़ा, तो इससे बैंकिंग प्रणाली की तरलता पर और दबाव पड़ सकता है। इससे उधारी पर कम हो रही ब्याज दरें आगे चलकर प्रभावित हो सकती है।

### फरवरी में लंबे समय बाद घटी थी रेपो दर

फरवरी, 2025 में आरबीआई ने लंबे समय बाद पहली बार रेपो दर में कटौती की। बैंकों ने हर महीने कर्ज पर औसत ब्याज दर को 9 फीसदी तक घटाया। जून में यह कमी बढ़कर 0.58 फीसदी तक पहुंच गई। ऐसा इसलिए, क्योंकि आरबीआई ने रेपो दर में फिर से 0.50 फीसदी की कमी की। हालांकि, जुलाई में सरकारी बैंकों ने इसके उलट कर्ज की औसत ब्याज दरें 0.19 फीसदी तक बढ़ा दी। निजी क्षेत्र के बैंकों ने दर कटौती का चक्र जारी रखा। अगस्त में ढील फिर से शुरू हुई।

### 5.6 प्रतिशत पर पहुंची जमा पर ब्याज दरें

रिपोर्ट के अनुसार, जमा पर औसत ब्याज दरें अगस्त में कई वर्षों के निचले स्तर 5.56 फीसदी पर आ गई थी। हालांकि सितंबर में यह मामूली बढ़कर 5.6 फीसदी पर पहुंच गई। लेकिन फरवरी से लेकर सितंबर तक के दौरान इसमें 1.02 फीसदी की भारी गिरावट आई है। यह इसलिए हुआ क्योंकि उधारी पर भी ब्याज दरें इस दौरान तेजी से घटती रहीं और इससे बैंकों की लागत की दरें कम हो गई।

## ग्रामीण भारत ने शहरी इलाकों को पछाड़ा

### बढ़ती आय, आसान कर्ज और अच्छी बारिश से बढ़ा उपभोग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में उपभोग की रफ्तार अब शहरों से ज्यादा गांवों में देखने को मिल रही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की ताजा इकोस्कोप रिपोर्ट रूरल रूल्स, अर्बन फॉलोज के मुताबिक, आय में बढ़ोतरी, कर्ज की आसान उपलब्धता और बेहतर मानसून के कारण ग्रामीण भारत में खपत तेजी से बढ़ी है। सरकार ने शहरी उपभोग को बढ़ाने के लिए आयकर में कटौती और जीएसटी सुधार जैसे कदम उठाए, लेकिन इसके बावजूद ग्रामीण इलाकों में खपत ज्यादा बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही से ग्रामीण खपत में लगातार इजाफा हो रहा है। वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में यह 7.7 प्रतिशतकी सालाना दर से बढ़ी। यह पिछली 17 तिमाहियों में सबसे तेज है। हालांकि शहरी इलाकों में भी कुछ सुधार देखने को मिला है, लेकिन वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में वहां की खपत धीमी रही। त्योहारों के मौसम से पहले पेट्रोल की मांग और गैर-कृषि आयात जैसे संकेतकों में सुधार देखा गया है, जिससे उम्मीद है कि तीसरी तिमाही में शहरी खपत में तेजी आएगी। रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण मांग आने वाले समय में भी मजबूत बनी रह सकती है। इसकी वजह है बढ़ती मजदूरी, अच्छी रबी फसल की संभावना और कम महंगाई। वहीं, त्योहारों के चलते शहरी मांग में भी सुधार की उम्मीद है।

# संकटों से घिरी दुनिया में किसानों का कमाल, अनाज उत्पादन तोड़ेगा रिकॉर्ड

## दुनिया के कई हिस्सों में खाद्य मुद्रास्फीति, जलवायु संकट और आपूर्ति व्यवधानों से लोग जूझ रहे हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संकटों से जूझ रही दुनिया में किसान अपना काम चुपचाप करते रहे। इसी का असर है कि इस साल वैश्विक अनाज उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की संभावना है। अनुमान है कि कुल उत्पादन 4.4 फीसदी बढ़कर 299 करोड़ टन तक पहुंच सकता है, जो अब तक का सर्वाधिक स्तर होगा। यह वृद्धि उस समय हो रही है जब दुनिया के कई हिस्सों में खाद्य मुद्रास्फीति, जलवायु संकट और आपूर्ति व्यवधानों से लोग जूझ रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि बेहतर मौसम, उन्नत कृषि तकनीक और निर्यात प्रतिबंधों में ढील ने इस सकारात्मक रुझान को संभव बनाया है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार मक्का, गेहूं और चावल तीनों प्रमुख अनाजों की पैदावार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की उम्मीद है। सबसे अधिक उछाल मक्का की फसल में देखा जा सकता है, जबकि चावल की वृद्धि दर अपेक्षाकृत कम रहेगी, लेकिन यह भी अपने इतिहास के उच्चतम स्तर तक पहुंचने की संभावना रखता है। इसके अलावा जौ जैसे अन्य अनाजों के उत्पादन में भी इजाफे की उम्मीद है।

अनुमान है कि 2025 के अंत तक वैश्विक अनाज भंडार 5.7 फीसदी बढ़कर 91.6 करोड़ टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच जाएगा। यह 2017-18 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर होगा। यानी वर्ष 2025-26 में दुनिया के पास जितना अनाज उपभोग के लिए आवश्यक होगा, उसका लगभग 31.1 प्रतिशतअतिरिक्त भंडार पहले से मौजूद रहेगा। यह अनुपात जितना ऊंचा होगा।



### आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल ने बढ़ाया उत्पादन

*2025 में चरम मौसमी घटनाओं के बावजूद वैश्विक स्तर पर रिकॉर्ड अनाज उत्पादन इसलिए संभव हो पा रहा है, क्योंकि कई देशों ने जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकों और उन्नत बीजों का बड़े पैमाने पर उपयोग शुरू कर दिया था। वह आधुनिक सिंचाई प्रणालियों और सैटेलाइट आधारित फसल निगरानी तकनीक से उपज बढ़ा रहा है। वहीं, अमेरिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-आधारित कृषि पूर्वानुमान प्रणालियों और जलवायु-सहनशील फसलों के उपयोग ने उत्पादन को स्थिर बनाए रखा।*

# पुलिस चौकी खौड़ थाना भौती द्वारा माननीय न्यायालय पिछोर के आरसीटी क्रमांक 296/21 मे दो साल से फरार स्थाई वारंटी सोमपाल लोधी गिरफ्तार किया




**रणजीत टाइम्स**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन मे स्थाई वारंटियो की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 09.11.25 को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि चौकी खोड़ का स्थाई वारंटी अर्स खान के होटल ग्राम खोड में बैठा है रवाना होकर अर्स खान के होटल ग्राम खोड में पहुचे संदेही उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछा तो सोमपाल पुत्र नाथूराम लोधी उम्र 29 साल निवासी ग्राम दरगुवॉं चौकी खोड थाना भौती का होना बताया जो माननीय जेएमएफसी न्यायालय पिछोर के आरसीटी क्रमांक 296/21 में दो साल से फरार स्थाई वारंटी है जिससे गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पिछोर पेश किया गया।

### इंदौर : साहू समाज का चुनाव

# मांगीलाल जैसवाल ने 800 मतों से की जीत हासिल



**खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर के जैसवाल साहू समाज का चुनाव आज किला मैदान स्थित जैसवाल साहू धर्मशाला में संपन्न हुए जहां मांगीलाल रामविलास जैसवाल ने 800 कुछ वोटो से विजय श्री हासिल की और सभी समाज के लोगों का आभार माना इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए जैसवाल ने कहा कि मेरा सबसे पहला मकसद समाज को वह हर सुविधा उपलब्ध कराऊंगा जो अभी तक किसी ने कराई नहीं थी और हमारे समाज की धर्मशाला में एक गार्डन का प्रस्ताव है वह भी मैं बनवाऊंगा और समाज के हित में काम करूंगा जीत के दौरान भारी संख्या में समाज बंधुओ ने मांगीलाल का स्वागत बड़े हर्ष उल्लास के साथ किया और जुलूस के रूप में सभी समाज जन के घर पहुंचे जहां उन्होंने विजय श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# शिक्षा काल मे अनगिनत लाभ पहुँचाता है सहजयोग ध्यान

**रणजीत टाइम्स**

आज की बढ़ती प्रतियोगिता में औसत विद्यार्थी भी अपने को बहुत पिछड़ा हुआ अनुभव करता है,और तनाव ग्रस्त हो जाता है। ऐसे में सहज योग की सरल ध्यान पद्धति अभिनव प्रयोग कर शिक्षार्थी के बुद्धि स्तर में भी परिवर्तन संभव करती है। फलतः विद्यार्थी के भीतर छिपी बहुमुखी प्रतिभाएँ सामने आने लगती हैं।

दरअसल कुण्डलिनी के जागरण से सहस्त्रार चक्र खुलता हैं और ब्रह्म रंध्र को स्पर्श करती कुण्डलिनी एक प्रकाशीय बल को तैयार करती है। यह साधक के हृदय,मस्तिष्क,और चित्त (attention) तीनों में प्रकाशीय चेतना का संचार करती है जिसका परिणाम ये होता है कि हृदय और तर्क शक्ति(brain)एक हो जाने से आप के दृढ़ निर्णय शक्ति एवं आत्म विश्वास को बढ़ाती है ।साथ ही चित्त (attention) और इच्छा शक्ति(will power) के एक हो



जाने से चित्त प्रभावशाली होता है , स्मरण शक्ति (memory) और अवशोषण शक्ति (grasping power) भी बढ़ जाती है।इस प्रकार ध्यान द्वारा बालक का सर्वांगीण विकास संभव है। इस योग की प्रक्रिया में ध्यान से जुड़ने की वास्तविक युक्ति सहज योग संस्था द्वारा अत्यंत सरलता से निशुल्क सिखाई जाती रही है। आज के प्रतिस्पर्धा के दौर में अनेक बालक - बालिकाओं ने सहजयोग द्वारा बौद्धिक, मानसिक व शारीरिक संतुलन तथा सफलता को सहज ही साथ-साथ अर्जित किया है। कृपया अपने बच्चों को सहजयोग का अनुभव आज ही प्रदान कीजिये।

अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग की मुहिम, हर विवाह का होगा पंजीयन

### सामूहिक विवाह में कार्यक्रम स्थल पर ही प्रमाण-पत्र देने का सुझाव

**दिलीप पाटीदार**



**धार।** देव उठनी एकादशी के साथ ही विवाहों का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। विवाहों के शत-प्रतिशत पंजीयन के लिये प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किये गये हैं। यह योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग की एक सराहनीय पहल है। इससे विवाहों का शत-प्रतिशत पंजीयन हो सकेगा, जिससे भविष्य में दंपति को कानूनी अड़चनों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विवाह रजिस्ट्रेशन नियम 2008 के अनुसार राज्य के भीतर भारत के नागरिकों के बीच किसी भी विधि या रुढ़ि के अधीन सत्यापित किये गये विवाह का पंजीयन किया जाता है। विवाहों का पंजीयन नहीं होने पर विशेष तौर पर महिलाओं को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पति की मृत्यु के बाद उनको मिलने वाले स्वत्वों के भुगतान आदि में परेशानी होती है। आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी श्री विकास मिश्रा ने बताया है कि विवाह पंजीयन के लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने हेतु प्रदेश के समस्त कलेक्टरों का ध्यान आकृष्ट किया गया है। जिलों में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री निकाह योजना एवं अन्य सामूहिक विवाहों में कार्यक्रम स्थल पर ही विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने का सुझाव दिया गया है। आयुक्त श्री मिश्रा ने सामूहिक विवाह कराने वाली सभी संस्थाओं से जागरूकता बढ़ाने मुहिम में बढ़-चढकर हिस्सा लेने की अपील की है। स्थानीय निकायों, सार्वजनिक स्थलों, शादी हॉल और मैरिज गार्डन में अनिवार्य रूप से विवाह पंजीयन करवाने संबंधी होर्डिंग लगाने के निर्देश जारी किये गये हैं।

# विश्व चैंपियन डी गुकेश फिडे विश्व कप से बाहर

**पणजी, एजेंसी।** विश्व चैंपियन डी गुकेश शनिवार को फिडे विश्व कप के तीसरे दौर में जर्मनी के फ्रेडरिक स्वेन से हारकर बाहर हो गए। भारत के शतरंज प्रेमियों के लिए गुकेश का तीसरे दौर से ही बाहर होना चौंकाने वाला है। गुकेश तीसरे दौर की दूसरी बाजी सामान्य समय नियंत्रण में फ्रेडरिक स्वेन से हार गए। गुकेश ने स्थिति का आकलन करने में गलती की।

स्वेन ने अंतिम खेल में अपने बेदाग कौशल का प्रदर्शन करके इतिहास रच दिया। अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञानंदा अंतिम-32 चरण में जगह बनाने में सफल रहे। एरिगैसी और प्रज्ञानंदा ने क्रमशः उज्बेकिस्तान के शमसिद्दीन वोखिदोव और आर्मेनिया के रॉबर्ट होवहानिस्यान को हराकर अंतिम-32 में जगह बनाई। एरिगैसी के लिए अगले दौर में पहुंचने के लिए ड्रॉ की जरूरत थी,



● जर्मनी के फ्रेडरिक स्वेन ने हराया

जबकि प्रज्ञानंदा ने शुक्रवार को पहला मैच ड्रॉ खेलने के बाद शानदार खेल दिखाते हुए जीत हासिल की। ग्रैंडमास्टर पी. हरिकृष्णा और वी. प्रणव ने भी अंतिम-32 चरण में जगह बनाई। उन्होंने बेल्जियम के डैनियल दर्धा और लिथुआनिया के टिटास स्ट्रेमाविसियस को समान 1.5-0.5 के अंतर से हराया। हरिकृष्णा कट बनाने वाले पहले भारतीय थे। वह सफेद मोहरों से कुछ नहीं कर पाए थे, और भारतीय के खिलाफ पहली बाजी हार निर्णायक साबित हुई। प्रणव ने शुक्रवार को सफेद मोहरों से पहली बाजी जीतने के बाद काले मोहरों से बाजी ड्रॉ कर ली।

स्ट्रेमाविसियस ने प्रणव की रक्षापंक्ति को भेदने की भरपूर कोशिश की, लेकिन प्रणव ने रूक-एंड-पॉन्स एंडगेम में खेल को ड्रॉ पर ला दिया। दिप्तयान घोष अर्मेनियाई गैब्रियल सर्गिसियन के खिलाफ हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पहले गेम में सफेद मोहरों से आसान ड्रॉ हासिल करने के बाद, दिप्तयान, जिन्होंने पिछले राउंड में रूस के इयान नेपोमनियाची को हराया था, दूसरे गेम में अपनी लय नहीं पकड़ पाए और 0.5-1.5 से हार गए। शनिवार का दिन डी गुकेश के बाहर होने की वजह से चौंकाने वाला रहा। भारतीय दल को विश्व कप में गुकेश से बड़ी उम्मीद थी।

## एलिना राइबकिना ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीता: टूर्नामेंट में उनका पहला खिताब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कजाकिस्तान की टेनिस खिलाड़ी एलिना राइबकिना ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब अपने नामकर लिया है। इस ईयर एंडिंग टूर्नामेंट के फाइनल में छठी सीड राइबकिना ने वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका को लगातार सेट में 6-3, 7-6 से हराया। 26 साल की राइबकिना पहली बार यह खिताब जीतने में सफल रहीं। उन्होंने टूर्नामेंट में सभी पांचों मुकाबले जीते। इसी के साथ उन्हें 46 करोड़ रुपए की प्राइज मनी मिली। राइबकिना ने टूर्नामेंट में वर्ल्ड नंबर-1 (सबालेंका)और वर्ल्ड नंबर-2 (इगा स्वातेक) दोनों को हराया। यह उनके करियर का 11वां टाइटल है। उन्होंने इस साल तीसरी बार कोई ट्रॉफी उठाई।

साबालेंका ने शनिवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 3-6, 6-3 से हरा कर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया था। वह तीन साल में पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स के खिताब के लिए क्वालीफाई किया। सेमीफाइनल के पहले सेट में उन्होंने अनिसिमोवा को 6-3 से आसानी से हराया। हालांकि, दूसरे सेट में अनिसिमोवा ने शानदार वापसी की और 3-6 से यह सेट अपने नाम किया। निर्णायक तीसरे सेट में साबालेंका ने 4-3 की बढ़त लेकर जीत सुनिश्चित की। मैच के बाद साबालेंका ने कहा,अगर मैं हार भी जाती तो भी फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि यह एक शानदार मैच था।

## इंडोनेशिया की महिला टीम टी-20 विश्व कप में प्रवेश के लिए धर्मशाला में कर रही तैयारी

**धर्मशाला, एजेंसी।** इंग्लैंड की ठंडी फिजाओं में जून, 2026 में होने वाले महिला टी-20 वर्ल्ड कप के लिए इंडोनेशिया की टीम धर्मशाला में तैयारी कर रही है। महिला क्रिकेट टीम वर्ल्ड कप में प्रवेश पाने के लिए खूब पसीना बहा रही है। महिला टीम 2026 में इंग्लैंड में होने वाले महिला टी-20 वर्ल्ड कप में क्वालिफाई करना चाहती है।

इसके लिए टीम ने धर्मशाला के ठंडे वातावरण में तीन दिन प्रैक्टिस की है, जबकि सोमवार को इंडोनेशिया की टीम हिमाचल के साथ ऊना में मैच खेलेगी। जानकारी के अनुसार इंडोनेशिया की महिला क्रिकेट टीम हिमाचल की ठंडी वादियों में क्रिकेट की बारीकियां सीख रही है। अगले वर्ष होने वाले महिला टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी इंग्लैंड करेगा।

इंग्लैंड के क्रिकेट स्टेडियमों की स्थिति ठंडी होती है, क्योंकि वहां का मौसम सामान्यतया ठंडा और नम रहता है। इंग्लैंड की पिचें अक्सर हरी-भरी और स्विंग को बढ़ावा देने वाली होती हैं, जो मौसम के अनुरूप बदलती रहती हैं। वहीं इन ठंडी पिचों पर खेलने के अभ्यास के लिए इंडोनेशिया की महिला टीम हिमाचल में प्रैक्टिस कर रही है। इंडोनेशिया की 14 सदस्यीय टीम भारत मूल के अपने हेड कोच विकास यादव, इंग्लैंड मूल के कोच एंडी कॉटन की अगवाई में धर्मशाला पहुंची है। महिला टीम एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में प्रैक्टिस कर रही है। टीम रविवार को भी स्टेडियम में नैट पर प्रैक्टिस करेगी।



### कोच एंडी कॉटन ने की धर्मशाला स्टेडियम की तारीफ

इंडोनेशिया की टीम के कोच एंडी कॉटन ने धर्मशाला स्टेडियम की खूबसूरती की तारीफ करते हुए कहा कि वह इंग्लैंड से संबंध रखते हैं। ऐसे में धर्मशाला और इंग्लैंड के मौसम में कुछ ज्यादा अंतर नहीं है।

उनकी टीम का प्रयास रहेगा कि वह अगले वर्ष इंग्लैंड में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में अच्छा प्रदर्शन करे। कोच ने बताया कि धर्मशाला आने का उनका मकसद यहां की ठंडी पिचों पर प्रैक्टिस करना है।

इसके अलावा एचपीसीए की ओर से महिला टीम के साथ कुछ मैच भी रखे हैं, जिसका वह फायदा उठाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ी जितना अन्य टीमों के साथ खेलेंगे, उनके प्रदर्शन में उतना ही सुधार होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि धर्मशाला में खिलाड़ियों द्वारा किए जा रहे अभ्यास से इंग्लैंड की स्विंग करती हुई पिचों पर खेलने में मदद करेगी।

# दिल्ली में नवंबर में वायु गुणवत्ता 2024 की तुलना में बेहतर

## ग्रैप-3 से बचने के प्रयास जारीः डीपीसीसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी (डीपीसीसी) के अनुसार इस साल नवंबर में अधिकतर दिनों में दिल्ली की वायु गुणवत्ता पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में बेहतर रही। डीपीसीसी ने कहा कि राजधानी में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा किए गए समन्वित प्रयासों के स्पष्ट परिणाम दिखने लगे हैं। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली अब तक प्रदूषण के उस स्तर तक पहुंचने से बची हुई है जिसके कारण 2023 में लगभग इसी समय ग्रैप के तीसरे चरण को लागू करना पड़ा था। डीपीसीसी के एक अधिकारी ने शनिवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहा, ''पिछले सात दिन में से छह दिन में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में बेहतर वायु गुणवत्ता दर्ज की गई है। यह सभी विभागों द्वारा समय पर और समन्वित कार्रवाई के कारण संभव हुआ है।'' डीपीसीसी अध्यक्ष संदीप कुमार और सदस्य सचिव संदीप मिश्रा की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में इस बात को रेखांकित किया गया कि पिछले सात दिन में से छह दिन दिल्ली का वायु



गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 2024 में इसी अवधि में दर्ज संख्या से कम रहा। प्रेस वार्ता के दौरान साझा किए गए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 1 नवंबर को एक्यूआई 303 (2024 में 339), 3 नवंबर को 309 (2024 में 382), 4 नवंबर को 291 (2024 में 381), 5 नवंबर को 202 (2024 में 373), 6 नवंबर को 311 (2024 में 352) और 7 नवंबर को 322 (2024 में 377) था। आंकड़ों में हेराफेरी की चिंताओं का समाधान करते हुए, अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि वायु गुणवत्ता निगरानी पारदर्शी और सार्वजनिक रूप से सुलभ बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्रवाई आंकड़ों पर आधारित होती हैं और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से समीक्षा की जाती है। उन्होंने राजधानी की वायु गुणवत्ता और चल रहे प्रयासों की भी समीक्षा की और यह पाया कि इस नवंबर में वायु प्रदूषण का स्तर पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में तुलनात्मक रूप से बेहतर रहा है।

**पिछले साल 13 नवंबर से लागू किए गए थे ग्रैप-3 के प्रतिबंधः** अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल 13 नवंबर से ग्रैप-3 के प्रतिबंध लागू किए गए थे, जबकि उसके विपरीत इस साल प्रदूषण नियंत्रण कार्रवाई सक्रियता से शुरू हो गई है। अधिकारियों ने कहा कि कई एजेंसियों को धूल और वाहनों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ-साथ बायोमास जलाने और औद्योगिक उत्सर्जन के खिलाफ सख्त नियम लागू करने के निर्देश मिले हैं। सड़कों की मशीनों से सफाई और पानी के छिड़काव को तेज कर दिया गया है। विभिन्न नगर निकायों द्वारा वर्तमान में 100 से ज्यादा मशीनों का परिचालन किया जा रहा है। गड्ढों की मरम्मत की जा रही है, लैंडफिल स्थलों का प्रबंधन किया जा रहा है और कई जगहों पर एंटी-स्मॉग गन का इस्तेमाल किया जा रहा है। परिवहन विभाग को प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की और अधिक जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

# उत्तराखंड के 25वें स्थापना दिवस पर मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कांग्रेसी नेताओं ने दी बधाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तराखंड के 25वें स्थापना दिवस के मौके पर रविवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य का हर व्यक्ति देश के विकास में अपना निरंतर योगदान देता रहे। मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, ÷प्राकृतिक संपदा और अद्भुत नैसर्गिक सौंदर्य से संपन्न उत्तराखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई। हिमालय की गोद में बसी देवभूमि उत्तराखंड अपनी संस्कृति, परंपरा और सौंदर्य से भारत की पहचान को और भी समृद्ध बनाता है। हमारी कामना है कि उत्तराखंड का हर नागरिक समृद्धि, शांति और प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहे और देश के विकास में अपना निरंतर योगदान देता रहे।÷ कांग्रेस ने एक्स पोस्ट में लिखा, ÷देवभूमि उत्तराखंड वासियों को उत्तराखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। कांग्रेस परिवार ईश्वर से सभी प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना करता है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने



एक्स पोस्ट में लिखा, ÷हम समस्त उत्तराखंड वासियों के जीवन में एक अत्यधिक महत्वपूर्ण दिन है, जब हम राज्य के रूप में अस्तित्व में आए। एक लंबे संघर्ष, जिसमें हमने बहुत सारे अपनों को खोया, बहुत सारे घाव लगे, बहुत सारी चुनौतियां सामने आई, मगर लोग अडिग रहें। अनंतोगत्वा देश में एक सहमति बनी कि अब उत्तराखंड राज्य बनना चाहिए। इसलिए यह दिन हमारे लिए बड़ी आकांक्षाओं और उम्मीदों का दिन भी है। एक ऐसे संकल्प का दिन है जिस दिन हम अपने उन भाई-बहनों जिनके पास साधन और सामर्थ्य नहीं है, उनको भी राज्य की विकास की मुख्यधारा में लाए।

# एमसीडी ने मिनी फूड वैन पॉलिसी में किया बदलाव, मॉडिफाइड ई-रिक्शा कार्ट को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली के गली-मोहल्लों मे जल्द ही एक समान आकार वाली मिनी फूड वैन घूमती नजर आएंगी। दिल्ली नगर निगम अपनी फूड वैन पॉलिसी को फिर से शुरू करने जा रहा है। इस पॉलिसी के तहत ई-रिक्शा को मॉडिफाई कर एक ही साइज की मिनी फूड वैन चलाई जाएंगी। इन ई-कार्ट्स को सिर्फ पैकेट वाला और पहले से पके हुए खाने का सामान बेचने की इजाजत होगी। साथ ही खाना गर्म करने का भी इंतजाम होगा। फिलहाल एमसीडी का हर वार्ड में पांच वैन को इजाजत का प्लान है और हर वैन को एक जगह पर 30 मिनट से अधिक रुकने की इजाजत नहीं होगी।

एमसीडी के एक अधिकारी ने कहा कि ये मिनी फूड वैन बाजार के इलाकों या मेन सड़कों पर भीड़भाड़ नहीं करेंगी क्योंकि इनकी एंट्री नॉन-कॉमर्शियल और रिहायशी गलियों तक ही सीमित होगी। इसका मकसद यह है कि कॉमर्शियल मार्केटों में अफरा-तफरी बढ़ाए बिना हाइजीनिक खाना, फल और सब्जियां आसानी से मिल सकें। एमसीडी इन फूड वैन के लिए ऑपरेशनल जोन तय करेगी ताकि भीड़भाड़ या डुप्लीकेशन से बचा जा सके। इनके ऑपरेटर उसी वार्ड या एमसीडी जोन के रहने वाले होने चाहिए जहां वे काम करना चाहते हैं। इसके लिए आवेदकों को एमसीडी के हेल्थ डिपार्टमेंट से लाइसेंस लेना होगा और अभी जो डिटेल्ड गाइडलाइंस बन रही हैं, उनका पालन भी करना होगा।

यह कॉन्सेप्ट सबसे पहले 2021 में पुराने नॉर्थ एमसीडी में शुरू किया गया था। हालांकि मई 2022 से तीनों निगमों के फिर से एक होने के बाद इसका इम्प्लीमेंटेशन रुक गया था। सिटी-सदर पहाड़गंज जोन में पायलट फेज के तहत सिर्फ 30 लाइसेंस जारी किए गए थे, जिसमें ऑपरेटरों ने 25,000 रुपये की सालाना हेल्थ ट्रेड लाइसेंस फीस और 10,000 रुपये की वन टाइम रजिस्ट्रेशन फीस दी थी। अधिकारियों ने कहा कि इसका मकसद सिर्फ हाइजीनिक खाना बेचना ही नहीं था, बल्कि रोजगार पैदा करना और सड़कों पर अवैध वेंडिंग को भी रोकना था। एमसीडी का अनुमान है कि अगर नई पॉलिसी 1,000 से ज्यादा फूड वैन आवेदनों को मंजूरी देती है। तो इससे काफी लोकल रोजगार पैदा हो सकता है। पहले के नियम के तहत फूड वैन को सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक चलाने की इजाजत थी और लाइसेंस लेने वालों को पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड बनाए रखने के लिए टाइफाइड का टीका लगवाना और रेगुलर मेडिकल चेक-अप करवाना जरूरी था। अधिकारी ने कहा कि नई ई-कार्ट्स का डिजाइन एक जैसा होगा, हालांकि ऑपरेटर रंग और ब्रांडिंग को अपनी पसंद के हिसाब से बदल सकते हैं। खाने को धूल और मक्खियों से बचाने के लिए उन्हें पूरी तरह से ढका होना रखना होगा और कचरे को ठीक से फेंकने के लिए उनमें कूड़ेदान भी रखने होंगे।

# सावधान! मौसम ने तेजी से ली करवट, और ज्यादा गिरने वाला है तापमान; बारिश का भी अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
मौसम इन दिनों तेजी से करवट ले रहा है। आईएमडी के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से केरल तक एक ट्रफ रेखा निचले क्षोभमंडल में फैली हुई है, जो तमिलनाडु से गुजर रही है। उत्तर भारत में पंजाब और आसपास के इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ चक्रवाती सर्कुलेशन के रूप में मौजूद है। इसके प्रभाव से आगामी दिनों में तमिलनाडु में 9 नवंबर से 13 नवंबर को हल्की से मध्यम बारिश होगी। कई जगहों पर गरज के साथ बौछारें और कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है। केरल में रविवार को इसी तरह का मौसम रहेगा। केरल-माहे में 10 नवंबर तक गरज के साथ बिजली चमकने की आशंका है।

पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में 9 से 10 नवंबर तक शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी। रात का तापमान राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में 10 डिग्री सेल्सियस से कम और सामान्य से



4-7 डिग्री कम बना हुआ है। दिल्ली, पूर्वी मध्य प्रदेश, पश्चिमी राजस्थान, उत्तर महाराष्ट्र और पश्चिम उत्तर प्रदेश में भी रात का तापमान सामान्य से 2-4 डिग्री कम है। अगले 6-7 दिनों तक उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में रात का तापमान सामान्य से 2-5 डिग्री कम रहने का अनुमान है। विदर्भ और छत्तीसगढ़ में अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की गिरावट संभव है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पारा गिरने से सर्दी का असर महसूस किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, न्यूनतम तापमान गिरकर 11 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया और यह इस मौसम की अब तक की सबसे सर्द रात थी। रात का न्यूनतम तापमान मौसम के सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। अधिकारियों ने ठंड का कारण पश्चिमी हिमालय में ताजा हिमपात के बाद दिल्ली में चल रही ठंडी हवाओं को बताया। साथ ही रात में आसमान साफ रहने के कारण रेडिएशन कूलिंग में वृद्धि हुई। मौसम विभाग ने रविवार को हल्का कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया है।

इस दौरान अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

बंगाल में न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री तक गिरा

अगले चार दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी, क्योंकि सभी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। आईएमडी ने कहा कि रविवार को सुबह के समय पश्चिम बंगाल के उप-हिमालयी जिलों में हल्का से मध्यम कोहरा छाया रहेगा। अगले सात दिनों तक राज्य के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। अगले चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। पश्चिम बंगाल के सभी जिलों में अगले तीन दिनों तक कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होने का अनुमान है। कोलकाता में न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# 6.7 तीव्रता भूकंप के झटकों से दहला जापान, इवाते में सुनामी अलर्ट जारी

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के उत्तर-पूर्वी इलाके में शनिवार शाम 6.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके बाद अधिकारियों ने इवाते प्रीफेक्चर के तटीय क्षेत्रों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, यह भूकंप शाम 5 बजे के बाद इवाते के तट से दूर समुद्र में आया। झटके इवाते और पड़ोसी मियागी प्रीफेक्चर में तेज़ी से महसूस किए गए, जिनकी तीव्रता जापान के 0 से 7 के भूकंपीय पैमाने पर 4 दर्ज की गई। अधिकारियों ने तटीय इलाकों के लोगों से समुद्र तट से दूर रहने और ऊँचाई वाले स्थानों पर जाने की अपील की है। अभी तक किसी बड़े नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं मिली है, लेकिन प्रशासन समुद्र के जलस्तर और आफ्टरशॉक्स (भूकंप के बाद आने वाले झटकों) पर नजर बनाए हुए है। ट्रेन सेवाओं को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है, और स्थानीय प्रशासन ने अपने आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र सक्रिय कर दिए हैं ताकि हालात का आकलन किया जा सके। जापान, जो प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायर क्षेत्र में स्थित है, अक्सर भूकंप और सुनामी का सामना करता है। इस भूकंप ने लोगों को 2011 के भयानक पूर्वी जापान भूकंप और सुनामी की याद दिला दी, जिसने भारी तबाही मचाई थी और फुकुशिमा परमाणु संकट को जन्म दिया था।

# पुर्तगाल में मजदूरों का प्रदर्शन, नई श्रम नीतियों के खिलाफ सड़कों पर हजारों लोग

**लिस्बन, एजेंसी।** पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन की सड़कों पर शनिवार को हजारों लोग उतर आए। ये सभी केंद्र-दक्षिणपंथी सरकार की नई श्रम सुधार नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। यह विरोध देश के प्रमुख मजदूर संघ द्वारा आयोजित किया गया था, जिसने सरकार से इन प्रस्तावित सुधारों को तुरंत वापस लेने की मांग की है। यूनियन का कहना है कि ये नीतियां कामगारों के अधिकारों को कमजोर करेंगी और उनके रोजगार को असुरक्षित बनाएंगी।

**न्यूनतम वेतन समेत कई मांगः** सरकार के प्रस्तावित कानूनों में कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की प्रक्रिया आसान करने की बात कही गई है। वहीं, स्तनपान कराने वाली



महिलाओं के लिए लचीले कार्य समय की अवधि घटाने और गर्भपात के बाद शोक अवकाश कम करने जैसे प्रावधानों को लेकर भी लोगों में नाराजगी है। इस समय पुर्तगाल में न्यूनतम वेतन 870 यूरो (लगभग ?90,000 प्रति माह) है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि इसे 2026 तक बढ़ाकर 1,050 यूरो (लगभग 1.08 लाख) किया जाए।

### 11 दिसंबर को पूरे देश में आम हड़ताल की चेतावनी

प्रधानमंत्री लुईस मोंटेनेग्रो की अगुवाई वाली डेमोक्रेटिक अलायंस सरकार का कहना है कि ये सुधार देश की उत्पादकता और रोजगार बाजार की लचीलापन बढ़ाने के लिए जरूरी हैं। हालांकि, विरोधियों का कहना है कि ये सुधार सिर्फ कंपनियों को फायदा पहुंचाएंगे और कामगारों की सुरक्षा को कम करेंगे। प्रदर्शन आयोजकों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने ये प्रस्ताव नहीं हटाए, तो 11 दिसंबर को पूरे देश में आम हड़ताल की जाएगी।

# नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी कृष्ण जनपद झुमका नाचे श्रद्धालु



**दिव्यानंद अर्गल**

ग्वालियर :- ग्वालियर अचलेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही भागवत कथा के चौथे दिन अयोध्या से पधारे प्रसिद्ध भागवताचार्य वेदांत जी महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन भर भगवान का नाम नहीं लेता है और मृत्यु के समय भगवान को याद करता है।

क्योंकि मरते समय मनुष्य के मुंह में गंगाजल डालने से वह अंदर नहीं जाता है क्योंकि यह के दूत उसके गले को पकड़ लेते हैं उन्होंने ब्यास गद्दी से समझाते हुए कहा पूजा तप त्याग से भगवत प्राप्ति नहीं होती है जब तक किसी महापुरुष का सानिध्य प्राप्त न हो तथा घर छोड़ने से भगवत प्राप्ति हो यह संभव नहीं है महाराज श्री ने भक्त प्रहलाद की भक्ति का वर्णन किया की किस प्रकार रहने कश्यप ने अपने पुत्र को मारने का प्रयास किया लेकिन हर बार श्रीमन नारायण की भक्ति ने उसे बचाया कथा में मत्स्य अवतार वामन अवतार कथा भगवान राम के अवतारी कथा सुनाई प्रसिद्ध भागवत आचार्य ने भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया तो श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमर पड़ी और पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा उन्होंने देव की वासुदेव के संतानों की उत्पत्ति कंस का अत्याचार और श्री कृष्ण के प्राकट्य बताया कि भाद्र मास की अष्टमी को पहरेदार रात को सो गए तो देवकी के गर्भ से भगवान श्री कृष्ण का अवतरण हुआ तब जेल में अलौकिक प्रकाश फैल गया और बंदी ग्रह के द्वारा अपने आप खुल गए वासुदेव नन्हे श्याम सुंदर को यमुना पार गोकुल में छोड़ा है जन्मोत्सव की कथा सुनकर श्रोता विभोर हो गए और भजन कीर्तन के बीच झूमने लगे कथा के अंत में परीक्षित घनश्याम सेन एवं उनके परिवार तथा महेंद्र भदकारिया उनकी पत्नी कल्ली पंडित रवि चौबे आदि में भगवान कृष्ण की आरती की कथा भागवत महापुराण की आरती के पश्चात प्रसादी वितरण किया गया।

# महू एसडीएम राकेश परमार ने सुखनी चॉकलेट कंपनी को किया सील



**खुशबू श्रीवास्तव**

**इंदौर/महू।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार महू एसडीएम राकेश परमार एवं सिमरोल नायब तहसीलदार की संयुक्त टीम द्वारा खाराखेड़ा स्थित एक चॉकलेट फैक्ट्री पर महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि फैक्ट्री में फायर सेफ्टी के आवश्यक प्रावधानों का पूरी तरह अभाव था। साथ ही फूड सेफ्टी (FSSAI) मानकों तथा लेबर एक्ट में निर्धारित प्रावधानों का पालन भी नहीं किया गया था। जांच में यह भी पाया गया कि फैक्ट्री परिसर में स्वच्छता व्यवस्था अत्यंत खराब स्थिति में थी, जो खाद्य सुरक्षा के दृष्टिकोण से गंभीर लापरवाही है। इन सभी गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए प्रशासन द्वारा फैक्ट्री को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।

जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स

# शुजालपुर मंडी थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 4, लाख 64 हजार रुपये मूल्य के चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर, एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार





**सूर्या परमार**

शुजालपुर मंडी पुलिस ने चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाते हुए 4.64 लाख रुपये मूल्य के चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए। पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय एवं एसडीओपी निमेष देशमुख के निर्देशन में थाना प्रभारी शिवकुमार यादव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई कर। फरियादी चंदर सिंह ने 1 सितंबर 2025 को घर में घुसकर सोने की झुमकी, मंगलसूत्र, तीन अंगूठियां, चांदी की पायल और 50 हजार रुपये नकद चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

टीम ने मुखबिरों की मदद से आरोपी अरुडा उर्फ अरूदा सिसोदिया को 3 नवम्बर 2025 को न्यायालय से पीआर पर लेकर पूछताछ की, जिनसे चोरी का माल-सोने की तीन अंगूठियां, झुमकी, मंगलसूत्र का पेंडल और दाने, तथा चांदी की पायल-जप्त किए गए। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया जाएगा। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई में मंडी थाना पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

# 14 नवंबर को जब मतपेटियां खुलेंगी, तब पूरे बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी

**रणजीत टाइम्स**

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। राज्यभर में राजनीतिक हलचलें तेज हैं और सभी दल अपनी पूरी ताकत झोंक चुके हैं। इसी बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार, 9 नवंबर को बिहार के सुपौल जिले में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया।

योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण में कहा कि इस बार बिहार की जनता पूरी तरह से एनडीए के साथ खड़ी है और जब 14 नवंबर को मतगणना होगी, तो ईवीएम से सिर्फ और सिर्फ एनडीए की जीत की गूंज सुनाई देगी। उन्होंने कहा कि जनता अब ठान चुकी है कि बिहार को फिर से विकास, सुरक्षा और स्थिरता की राह पर ले जाना है। सभा



में भारी भीड़ देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्साह से भर गए। उन्होंने कहा कि बिहार के हर जिले, हर गांव और हर मोहल्ले में एनडीए के समर्थन की लहर साफ दिखाई दे रही है। "मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं," योगी ने कहा, "कि 14 नवंबर को जब मतपेटियां खुलेंगी, तो न केवल छातापुर बल्कि पूरे बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत दर्ज होगी और एक बार फिर सुशासन की सरकार बनेगी।"

योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण में बिहार की गौरवशाली परंपरा और महान विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वही पवित्र भूमि है जिसने देश को स्वर्ण युग दिया। उन्होंने कहा कि बिहार भगवान महावीर की जन्मभूमि है, यह वही धरा है जहां देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जन्म हुआ। लोकनायक जयप्रकाश नारायण, जननायक कर्पूरी ठाकुर, और छठ गीतों से भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने वाली शारदा सिन्हा जैसी विभूतियां इसी भूमि ने दी हैं। उन्होंने कहा कि बिहार केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है, जिसने हर युग में देश को नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बिहार की हालत खराब करने के लिए कांग्रेस और राजद जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि जिस बिहार ने आर्यभट्ट जैसे महान वैज्ञानिक और चाणक्य जैसी बुद्धिमत्ता दी, उसी बिहार को कांग्रेस और राजद के शासन में "जंगलराज" के नाम से जाना जाने लगा। उन्होंने कहा कि उनके शासन में भ्रष्टाचार, अपराध और अराजकता का ऐसा बोलबाला था कि लोग भय के माहौल में जीने को मजबूर थे। "बिहार को बीमारू राज्य की श्रेणी में लाने का सबसे बड़ा दोष इन्हीं पार्टियों पर है," योगी ने कहा।

# 22वीं सब-जूनियर एवं सीनियर इंडियन राउंड तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**दिलीप पाटीदार**

धार। जिला तीरंदाजी संघ के तत्वाधान में 08 से 09 नवम्बर 2025 तक आयोजित होने वाली 22वीं सब-जूनियर एवं सीनियर इंडियन राउंड तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारम्भ भारतीय खेल प्राधिकरण, खेल प्रशिक्षण केंद्र धार में शनिवार, 08 नवम्बर 2025 को किया गया।

प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक चौधरी (IAS) उपस्थित रहे। विशेष अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक श्मयंक अवस्थी (IPS) तथा पूर्व विधायक वेल्सिंग भूरिया भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर खेल भावना के साथ



उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। आयोजन के दौरान सब-जूनियर एवं सीनियर वर्ग के प्रतिभागी विभिन्न श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। आयोजकों के अनुसार जिले में तीरंदाजी को बढ़ावा देने और युवा खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

# दिनेश खेडकर जी को सहायक प्राध्यापक नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई!



दिनेश खेडकर जी

इंदौर। इंदौर के प्रतिष्ठित शिक्षाविद् श्री दिनेश खेडकर जी को सहायक प्राध्यापक के रूप में नियुक्त किया गया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर उन्हें क्षेत्र के शैक्षणिक और सामाजिक जगत से बधाइयाँ मिल रही हैं।

तीर्थ रियल एस्टेट इंदौर के नितेश यादव ने हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा-"दिनेश जी की यह सफलता उनकी लगन, मेहनत और शिक्षा के प्रति समर्पण का परिणाम है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।"



नितेश यादव जी

### बिहार में डाले गए फर्जी वोट

## दिग्विजय सिंह का बड़ा बयान-बोले, चुनाव की घोषणा होते ही वोटर लिस्ट को फ्रीज कर देना चाहिए

**रणजीत टाइम्स**

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस ने शनिवार को राजधानी भोपाल में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और SIR प्रक्रिया को लेकर संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की निगरानी में देशभर में मतदाता सूची में हेराफेरी की जा रही है और लोकतंत्र की नींव को कमजोर किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस दौरान गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हाल ही में छठ पूजा के दौरान बिहार पहुंचे बीजेपी समर्थकों ने वहां फर्जी वोट डाले हैं। उन्होंने कहा कि "मैंने जो आरोप लगाए हैं, वे पूरी तरह तथ्यों पर आधारित हैं, लेकिन चुनाव आयोग ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया।" सिंघार ने कहा कि चुनाव आयोग पूरी तरह निष्क्रिय हो चुका है और वह सत्तारूढ़ दल के दबाव में काम कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग के कुछ अधिकारी, विशेष रूप से ज्ञानेश कुमार, बीजेपी के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं।

### जयेंद्र सिंह धालीवाल बने यूथ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष

## विधानसभा 2 ब्लॉक-7 अध्यक्ष, नेताओं ने दी शुभकामनाएं

### युवाओं की आवाज को मजबूती:जयेंद्र सिंह धालीवाल

**रणजीत टाइम्स**

**इंदौर। यूथ कांग्रेस के चुनाव निर्वाचन में जयेंद्र सिंह धालीवाल ने शानदार जीत दर्ज करते हुए विधानसभा 2 के ब्लॉक-7 (वार्ड 23, 24, 25 और 26) के अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होकर युवा नेतृत्व का नया अध्याय लिखा है।**

विजयी होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। निर्वाचन परिणाम घोषित होते ही पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, शहर कांग्रेस



अध्यक्ष चिंटू चौकसे, नव निर्वाचित युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश चौकसे, पार्षद राजू भदौरिया सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जयेंद्र सिंह धालीवाल को हार्दिक बधाई दी।

»» जयेंद्र सिंह धालीवाल ने सभी समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाने और संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने के लिए समर्पित रहेंगे।